Total No. of Questions - 9] [Total Pages : 6

**(2062)**

# 9803

## M.Com. (IInd Semester) Examination

## CORPORATE FINANCIAL ACCOUNTING

Paper : MC-2.1

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

*The candidates shall limit their answers precisely within the answer-book (40 pages) issued to them and no supplementary/ continuation sheet will be issued.*

परीक्षार्थी अपने उत्तरों को दी गयी उत्तर-पुस्तिका (40 पृष्ठ) तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त पृष्ठ जारी नहीं किया जायेगा।

**Note :** Attempt *five* questions in all. Question No. 1 is compulsory carrying 20 marks. After that *four* more questions are to be answered by selecting *one* question from each unit carrying 15 marks each.

**नोट :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है और 20 अंकों का है। इसके पश्चात प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न चुनते हुए, चार अन्य प्रश्नों के उत्तर देने हैं जो प्रत्येक 15 अंकों का है।

## Compulsory Question
## (अनिवार्य प्रश्न)

1. Write short notes on the following :

(i) Forfeiture.

(ii) Reissue of shares.

(iii) Contingent liabilities.

(iv) Subscribed capital.

(v) Amalgamation.

(vi) Merger.

(vii) Royalty account.

(viii) Subsidiary companies.

(ix) Liquidation.

(x) Dissolution.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) जब्ती।

(ii) शेयरों का पुनर्निर्गमन।

(iii) आकस्मिक देयताएँ।

(iv) अभिदत्त पूँजी।

(v) समामेलन।

(vi) संविलयन।

(vii) अधिकार शुल्क खाता।

(viii) अनुषंगी कम्पनियाँ।

(ix) परिसमापन।

(x) विघटन।

## UNIT–I
## (इकाई-I)

2. A holds 100 shares of Rs. 10 each on which he has paid Re. 1 per share as application money. B holds 200 shares of Rs. 10 each on which he has paid Re. 1 on application and Rs. 2 on allotment. C holds 300 shares of Rs. 10 each and has paid Re. 1 on application, Rs. 2 on allotment and Rs. 3 for first call.

They all failed to pay their arrears and the second call of Rs. 2 per share and the Directors therefore forfeited their shares. The shares of C were then reissued at Rs. 7 per share as fully paid-up. Give the necessary journal entries to record above transactions.

A के पास रु. 10 प्रत्येक के 100 शेयर हैं जिस पर उसने आवेदन राशि के रूप में रु. 1 प्रति शेयर अदा किया। B के पास रु. 10 प्रत्येक के 200 शेयर हैं जिस पर उसने आवेदन पर रु. 1 तथा आवंटन पर रु. 2 अदा किया। C के पास रु. 10 प्रत्येक के 300 शेयर हैं और उसने आवेदन पर रु. 1, आवंटन पर रु. 2 तथा प्रथम बुलावे के लिए रु. 3 अदा किया।

वे अपना बकाया तथा रु. 2 प्रति शेयर का दूसरा बुलावा अदा करने में विफल रहे और इसलिए निदेशकों ने उनके शेयर जब्त कर लिए। इसके पश्चात C के शेयर पूर्ण प्रदत्त के रूप में रु. 7 प्रति शेयर पर पुनः निर्गमित किये गये। उपर्युक्त लेन-देन को रिकॉर्ड करने के लिए जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।

3. What is a debenture and its redemption? Describe the various methods for redemption of debentures. Give illustrations.

ऋण-पत्र तथा इसका प्रतिदान क्या है? ऋण-पत्रों के प्रतिदान की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। उदाहरण दीजिए।

## UNIT–II

## (इकाई-II)

4. Explain the provision of companies act regarding payment of managerial remuneration to different categories of managerial personnel.

प्रबन्धकीय कार्मिक की विभिन्न श्रेणियों के लिए प्रबन्धकीय पारिश्रमिक के भुगतान से सम्बन्धित कम्पनी अधिनियम के प्रावधान का वर्णन कीजिए।

5. The life fund of a Life Assurance Company was Rs. 86,48,000 on 1st December 2020. The interim bonus paid during the intervaluation period was Rs. 1,48,000. The periodical actuarial valuation was Rs. 8,50,000. The directors of the company proposed to carry forward Rs. 9,31,000 and to divide the balance between the shareholders and the policyholders in the ration 1:10. Show :

   (i) The valuation Balance Sheet;

   (ii) The net profit for the valuation period; and

   (iii) The distribution of surplus.

1 दिसम्बर, 2020 को किसी जीवन बीमा कम्पनी की जीवन निधि रु. 86,48,000 थी। अन्तर्मूल्यांकन अवधि के दौरान प्रदत्त अन्तरिम बोनस रु. 1,48,000 था। आवर्ती बीमांकिक मूल्यांकन रु. 8,50,000 था। कम्पनी के निदेशकों ने रु. 9,31,000 को अग्रेषित करने और शेष को शेयरधारकों तथा पॉलिसीधारकों के मध्य 1:10 के अनुपात में वितरित करने का प्रस्ताव किया। प्रदर्शित कीजिए :

(i) मूल्यांकन तुलन-पत्र;

(ii) मूल्यांकन अवधि के लिए निवल लाभ; तथा

(iii) अधिशेष का वितरण।

## UNIT–III
## (इकाई-III)

6. Explain the various methods for calculation of purchase consideration with regard to amalgamation of companies.

कम्पनियों के समामेलन के सम्बन्ध में क्रय प्रतिफल की गणना की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

7. Explain using hypothetical example how amalgamation is different from reconstruction of companies.

काल्पनिक उदाहरण का प्रयोग करते हुए वर्णन कीजिए कि कम्पनियों का समामेलन उनके पुनर्गठन से किस प्रकार भिन्न है।

## UNIT–IV

## (इकाई-IV)

8. Explain the following with suitable examples :

   (i) Minority Interest.

   (ii) Cross-holdings.

   उपयुक्त उदाहरणों सहित निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

   (i) अल्पमत हित।

   (ii) परस्पर धारिता।

9. What is a royalty account? Prepare a royalty account using hypothetical example.

   अधिकार शुल्क खाता क्या है? काल्पनिक उदाहरण का उपयोग करते हुए एक अधिकार शुल्क खाता तैयार कीजिए।